# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम,जिला- करौली

**क्रमांक :** ईएमआरएस / रानौली / 2026-27 / 564 **दिनांक: 14/07/2026**

## खुली निविदा सूचना

NESTS नई दिल्ली के अधीनस्थ करौली जिले में संचालित एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला-करौली में आवासीय छात्र छात्राओं हेतु वर्ष 2026-27 के लिए हरी सब्जियां, फल, ब्रेड, दूध एवं दुग्ध उत्पाद , बाल कटिंग, कपड़ों की धुलाई एवं प्रेस, पानी का टैंकर, हेतु पंजीकृत संवेदक/एजेंसी/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला-करौली में आकर संपर्क करे। रजिस्टर्ड एजेंसी/फर्म/ठेकेदार निविदा में भाग ले सकते है। निविदा प्रपत्र प्राप्त, जमा करवाना तथा तकनीकी एवं वित्त निविदा खोलने की दिनांक दी गई तलिकानुसार होगी। **निविदा समय तथा दर 6 अगस्त 2026 से 30 जुलाई 2027 अथवा नए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने तक मान्य रहेगी ।**

शर्तें :-

1. निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डीडी **एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल रानोली** के नाम देय होगा। (**धरोहर राशि कुल राशि का 2 प्रतिशत** होगी)
2. **निविदा शुल्क फॉर्म राशि 200 रुपये मात्र** ।

| क्र. सं. | कार्य की प्रकृति | छात्र संख्या | अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | बयाना राशि (Bid Security) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरी सब्जियां एवं फल | 350 | 15,00,000/- | 200/- | 30,000/- |
| 2. | दूध, दही, छाछ, ब्रेड, पनीर | | 15,00,000/- | 200/- | 30,000/- |
| 3. | वस्त्र / बेडशीट धुलाई | | आवश्यकतानुसार | | |
| 4. | पानी टैकर | | आवश्यकतानुसार | | |
| 5. | बाल कटिग | | आवश्यकतानुसार | | |
| 6. | सेफ्टी टैक खाली करना (प्रति फेरा) | | आवश्यकतानुसार | | |

EMRS RANOLI

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की दिनांक (से शुरू ) | **14-07-2026 (10:00 A.M. to 02:00 PM)** |
| निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम दिनांक/समय (पंजीकृत डाक / विद्यालय में रखी निविदा पेटिका ) | **04-08-2026 (11:00 A.M.)** |
| तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक /समय | **05-08-2026 (11:00 A.M.)** |

1. **निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डी. डी. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल रानोली (EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL RANOLI TODABHIM) ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला-करौली के नाम देय होगा |**
2. **निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा करके एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला-करौली से प्राप्त किये जा सकते है |**

प्रधानाचार्य प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, रानौली
ब्लॉक–टोडाभीम जिला–करौली (राज.)
D.D.O. Code : 33256, Sch. Code : 12151

प्रतिलिपि-

1. संपादक महोदय, दैनिक भास्कर, करौली को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति आगामी क्षेत्रीय स्तरीय अंक में डीपीआर दरों पर न्यूनतम साइज़ में एक बार प्रकाशित कर, दो प्रति में बिल नियमानुसार प्रेषित करें |
2. आईटी विभाग , विद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु |
3. नोटिस बोर्ड |

प्राचार्य
प्रधानाचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, रानौली
ब्लॉक–टोडाभीम जिला–करौली (राज.)
D.D.O. Code : 33256, Sch. Code : 12151

EMRS RANOLI

# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल-रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला- करौली

## खुली निविदा के लिए निविदा की शर्तें व निर्देश

1. निविदादाताओं को निविदा सुचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार तकनीकी बिड को सही तरीके से पूर्ण रूप से भरकर वांछित दस्तावेजों सहित प्रत्येक पृष्ट पर हस्ताक्षर कर तकनीकी निविदा कवर में सीलबंद करावें |
2. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा | निविदादाता द्वारा –
   1. **निविदा शुल्क का 200/- का डी.डी. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल रानोली (EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL RANOLI TODABHIM) ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला- करौली के पक्ष में |**
   2. **धरोहर राशि (Bid Security) (तालिका अनुसार) का डी.डी. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली (EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL RANOLI TODABHIM) ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला- करौली के पक्ष में बंद लिफाफे में दिनांक 04-08-2026 को 11:00 AM तक प्राचार्य एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम, करौली के कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे |**

| क्र. सं. | कार्य की प्रकृति | अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | बयाना राशि (Bid Security) | प्रतिभूति राशि (Performance Security) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरी सब्जियां एवं फल | 15,00,000/- | **200/-** | **30,000/-** | **45,000/-** |
| 2. | दूध, दही, छाछ, ब्रेड, पनीर | 15,00,000/- | **200/-** | **30,000/-** | **45,000/-** |

3. **वित्तीय दरे तकनीकी बिड के साथ वाले प्रपत्र "वित्तीय बिड" में भरी जानी है |**
4. तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेंगी तथा असफल निविदादाता की अमानत राशी मांग पर नियमानुसार लौटा दी जावेगी|
5. निविदा दरें सभी करों, भाड़ा इत्यादी सहित हों तथा निविदा प्रारूप स्याही या टंकण से भरा जावेगा | पैन्सिल से भरी गयी निविदा पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा| निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अंत में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा |
6. विधि मान्यता : निविदा दरें वित्तीय बिड को खोले जाने के दिनांक से 90 दिवस की अवधि के लिए विधिमान्य हों |
7. ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी सरवन भाग को किसी अन्य एजेंसी के लिए नहीं सौपेंगा या उप-भाग (सब लैट) पर नहीं देगा|

प्रधानाचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, रानोली
ब्लॉक–टोडाभीम जिला–करौली (राज.)
D.D.O. Code : 33256, Sch. Code : 12151

8. बयाना राशि (Bid Security) –
   1. निविदा के साथ **बयाना राशि केवल डी.डी. द्वारा ही स्वीकृत की जावेगी** | इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा |
   2. बयाना राशि का प्रतिदेय असफल निविदादाताओं की बयाना राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के बाद नियमानुसार लौटा दी जावेगी|
9. बयाना राशि का समपहरण बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहरण कर लिया जावेगा –
   1. जब निविदादाता, निविदा खोलने बाद किन्तु निविदा को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्ताव को वापिस लेता है, या उसमे रूपान्तरण(Modification) करता है |
   2. जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता हो |
   3. जब निविदादाता कार्यदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है |
   4. जब वह विहित समय के भीतर आदेशो के अनुसार कार्य पूर्ण करने में असफल रहता है |
10. करार व प्रतिभुति निक्षेप (Agreement and Performance Security Deposit)
    1. **सफल विविदादाता को स्वीकृत आदेश के 7 दिन के भीतर प्रारूप 17 में 100/- मूल्य के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रपत्र में एक करार पत्र निष्पादित करना होगा | सफल विविदादाता की दर का**

EMRS RANOLI

**वार्षिक आंकलन कुल मूल्य के 3 प्रतिशत के बराबर प्रितिभुति राशि जमा करनी होगी | प्रतिभूति राशि केवल डी.डी. द्वारा ही जमा कराई जा सकेगी | यह प्रतिभुति प्रेषण के उस दिनांक जिसको निविदा को स्वीकार किये जाने की सुचना उसे दी गयी है, 7 दिन के भीतर जमा कराई जावेगी |**

2. निविदा के समय जमा कराई गयी बयाना राशि को प्रतिभूति राशि के लिये समायोजित किया जा सकेगा | प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जायेगा |

11. प्रतिभुति निक्षेप का समपहरण – प्रतिभुति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलो में समपहरण (Forfeit) कर लिया जावेगा –
    1. जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया है |
    2. निविदादाता संतोषजनक ढंग से कार्य करने में असफल रहा हो |
    3. प्रितिभुति निक्षेप को समपहृत्र (Forfeit) करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्ण नोटिस दिया जावेगा |
    4. इस सम्बन्ध में निविदा कमेटी का निर्णय अंतिम होगा |
12. करार पत्र को पूर्ण करने का समस्त व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जावेगा।
13. भुगतान -
    1. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।
    2. महीने में एक बार बिल लिये जायेंगे एवं बिल के साथ इस कार्यालय द्वारा जारी कार्य संतुष्टि प्रमाण पत्र जो कि संस्थाप्रधान से प्राप्त कर संलग्न करना आवश्यक होगा। जिसका भुगतान PFMS/ रेखांकित चैक द्वारा एजेन्सी/ठेकेदार को ऑनलाईन किया जावेगा। विलम्ब से भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
    3. विवादास्पद मामलों में निविदादाता को देय राशि का 25 प्रतिशत भुगतान को रोका जाकर शेष राशि का भुगतान किया जावेगा।
14. आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं की जांच अधोहस्ताक्षरी / प्रतिनिधि / कमेटी द्वारा की जाएगी | यदि आपूर्ति की वस्तु स्वीकृत नमूने के अनुसार नहीं है अथवा अंकित मूल्य से अधिक अथवा मूल्य में कांट- छांट अथवा निर्धारित मापदंडानुसार नहीं है तो आपूर्ति को निविदाकर्ता द्वारा स्वयं के खर्चे पर बदला जाएगा | अन्यथा की स्थिति में आपूर्ति को निरस्त कर वस्तु को खुले बाजार से क्रय कर लिया जाएगा जिसकी क्षतिपूर्ति आपूर्तिकर्ता से की जाएगी | यह अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा |
15. निविदादाता की किसी भी शर्त को मानने के लिये विभाग बाध्य नहीं होगा। यदि निविदादाता कोई ऐसी शर्त करता है जो इन शर्तों के विरोधाभासी हो तो उसकी निविदा को संक्षिप्त रूप से कार्यवाही कर रद्द कर दिया जायेगा |
16. किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार निविदादाता करार को निष्पादित करते समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रदान करेगा
    1. यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदार विलेख (पार्टनरशिप डीड) की एक अभिप्रमाणित प्रति।
    2. यदि भागीदारी फर्म, रजिस्टार ऑफ फर्म्स के पात्त पंजीकृत हो तो पंजीकरण संख्या एवं उसकी प्रमाणित प्रति।
    3. एकमात्र स्वामित्व के मामले में आवास एवं कार्यालय का पत्ता, मोबाईल नम्बर।
    4. कम्पनी के मामले में कम्पनी के रजिस्टार के द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र।
17. यदि संविदा के निर्वचन (Interpretation) आशय या संविदा की शर्तों के उल्लंघन के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो पक्षकारों द्वारा मामलों को उपायुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर को भेजा जावेगा। जो कि विवाद के लिये एकमात्र मध्यस्थ (सोल आर्बिटटर) के रूप में सम्बद्ध होगा तथा उसका निर्णय अन्तिम होगा।
18. समस्त विधि कार्यवाही का न्यायक्षेत्र जिला करौली होगा।
19. किसी भी निविदा दरों को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार विद्यालय क्रय समिति का होगा।
20. यदि निविदादाता के कर्मचारी कार्य करने के दौरान विद्यालय की किसी भी चल-अचल सम्पत्ति को नुकसान पहुचाता हैं, तो उसकी वसूली ठेकेदार को देय भुगतान / अमानत राशि में से की जावेगी।

प्रधानाचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, रानौली
ब्लॉक–टोडाभीम जिला–करौली (राज.)
D.D.O. Code : 33256, Sch. Code : 12151

21. खाद्य सामग्री को क्रय करने के लिए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 में दिए गए निर्देशों के अनुसार वैध लाइसेंस धारकों को ही निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अनुमति प्रदान करने का प्रावधान है
22. समय-समय पर कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों की निविदादाता को पालना करनी होगी।
23. ठेका श्रम विनियम एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 एवं अन्य अधिनियमों की पालना की समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित एजेन्सी की होगी।
24. केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय - समय पर जारी निर्देश/परिपत्र/नियम इस निविदा एवं अनुबन्ध पर प्रभावी होंगे|
25. समान दरें होने पर अनुभवी ठेकेदार को वरीयता दी जावेगी।
26. स्थानीय विद्यालय में घुलाई व्यवस्था एफ.ओ.आर. होगी, जिसमें पैकिंग खर्चा, भेजने का किराया, बिक्रीकर, सरचार्ज इत्यादि शामिल होगा।
27. निविदादाता का जहां व्यवसाय स्थित है, यदि प्रचलित बिक्रीकर अधिनियम GST/VAT/TIN के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं है, तो वह निविदा में भाग लेने का पात्र नही है। बिक्रीकर पंजीयन संख्या, टिन नं. का उल्लेख किया जाना चाहिए | इसके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
28. अधोहस्ताक्षरकर्ता/समिति को बिना कारण बताये सम्पूर्ण निविदा अस्वीकार/ निरस्त करने का अधिकार होंगा |
29. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरे 12 माह अथवा आगामी आदेश तक मान्य रहेंगी | फर्म अपनी प्रस्तुत दरों पर सामान आपूर्ति के लिए बाध्य रहेगी | कार्यदेश में अंकित दिन और अपेक्षित निर्दिष्ट स्थानों पर कार्य उपलब्ध कराना होगा।
30. निविदादाता द्वारा दी गयी दरों के स्वीकृत होने पर उन दरों पर आपूर्ति की गयी सामग्री का भुगतान करने हेतु दो प्रतियों में प्रस्तुत करने के पश्चात् नियमानुसार बिल की जांच कर कटौती योग्य कर अथवा अन्य कटौती योग्य कुल राशि काटने के पश्चात निविदादाता को प्रदान किया जायेगा |
31. निर्धारण स्थान एवं समय पर ही वस्तुओं की आपूर्ति स्वीकार की जाएगी | असमय आपूर्ति लाने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और आपूर्तिकर्ता के अनुरोध पर भी आपूर्ति सामग्री को विद्यालय में नहीं रखा जाएगा | मना करने के बाद भी आपूर्ति छोड़ कर चले जाने पर उस वस्तु की कोई जिम्मेदारी स्टोर प्रभारी एवं विद्यालय की नहीं होगी

- हरी सब्जियां, फल ,दूध /दहीं /छाछ ,धुलाई व्यवस्था हेतु निविदा की विशिष्ट शर्ते :-

1. सब्जियां व फल वजन के अनुसार व आवश्यक्तानुसार ली जाएगी तथा ख़राब सब्जी व फल की मात्रा को कुल वजन में से कम कर दिया जायेगा ,लगातार एक ही प्रकार कि हरी सब्जियां, फल सप्लाई नही किए जाएगे | धुलाई व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं दिया जायेंगा।
2. ख़राब सामान सप्लाई करने पर खराब सामान का शुल्क काट लिया जायेगा | लाने व ले जाने का कोई अतिरिक्त किराया नहीं दिया जायेगा तथा समय पर सामग्री पहुँचाने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी |
3. दूध की समय-समय पर जाँच की जावेगी तथा दूध के ख़राब हो जाने पर उतनी ही मात्रा बिल में से कम कर दी जाएगी |
4. छात्र संख्या अनुसार ही धुलाई व्यवस्था का कार्यदेश दिया जायेगा, छात्रावास अधीक्षक से प्राप्त निर्देशानुसार ही धुलाई व्यवस्था का कार्य किया जायेगा | कपडे मैले या कम होने पर राशि काट ली जायेगी |
5. कार्यदेश की पालना तय समय में करनी होंगी | यदि कोई त्रुटि संज्ञान में आती है तो नुकसान या अधिक भुगतान रिकवरी टेंडर कार्यदेश / सप्लाई के प्रथम दिवस से ही की जायेगी |
6. शेष शर्ते यथावत रहेंगी |

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम :-...........................................................

मय सील:-.........................................................

.......................................................................

मो. नं. :-.........................................................

प्रधानाचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, रानौली
ब्लॉक–टोडाभीम जिला–करौली (राज.)
D.D.O. Code : 33256, Sch. Code : 12151

# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम,जिला- करौली

**क्रमांक :** ईएमआरएस／रानौली／2026-27／**564** **दिनांक: 14/07/2026**

## तकनीकी-बिड

1. कार्य का नाम :-.............................................................................................................................
2. धरोहर राशि (Bid Security) :- अनुमानित लागत राशि का 2 प्रतिशत
3. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/संवेदक का नाम, डाक का पता, मोबाइल नं. ...............................................
.....................................................................................................................................................
.....................................................................................................................................................
4. निविदादाता द्वारा संलग्न –
   i. धरोहर राशि (Bid Security)डी.डी. नं........................ राशि.................. दिनांक...................... बैंक का नाम...............................................................................................
   ii. निविदा शुल्क डी.डी. नं................................. राशि.................. दिनांक.............................................. बैंक का नाम ...................................................................................................................
5. मैं निविदादाता, प्राचार्य एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम, जिला- करौली द्वारा जारी निविदा **क्रमांक :** ईएमआरएस／रानौली／2026-27／**564, दिनांक: 14/07/2026** में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्नकों में दी गयी अतिरिक्त शर्तो को स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमनें हस्ताक्षर कर किये हैं |
6. हम सम्पुर्ष्टि करते हैं कि आवश्यक दस्तावेज/ज्प्रमान अत्रों के आभाव में हमारी निविदा निरस्त करने योग्य है | संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज/प्रमाण पत्रों आदि का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्रं.सं. | विवरण | रजि.सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | अनुलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तु एवं सेवाकर (GST) | | | | |
| 2. | आयकर (PAN No.) | | | | |
| 3. | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958/<br>इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत /<br>इण्डियन कंपनी एक्ट 1956 के अंतर्गत | | | | |

7. निविदादाता का स्थानीय कार्यालय का पता: .........................................................................................
.........................................................................................
.........................................................................................
.........................................................................................

स्थानीय कार्यालय होने का प्रमाण स्वरूप आवश्यक दस्तावेज की प्रति जैसे शॉप लाइसेंस, फ़ूड लाइसेंस, बिजली, पानी, टेलीफोन बिल की छाया प्रति (कोई एक)

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम :-..............................................................

मय सील:-........................................................

..........................................................................

मो. नं. :-.........................................................

EMRS RANOLI

# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम,जिला- करौली

**क्रमांक :** ईएमआरएस / रानौली / 2026-27 / **564** **दिनांक: 14/07/2026**

## वित्तीय -बिड (हरी सब्जियां एवं फल)

**1.** कार्य का नाम :- **हरी सब्जियां एवं फल**

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/संवेदक का नाम, डाक का पता, मोबाइल नं.:

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**2.** मेरी/हमारी फर्म द्वारा निम्न सामग्री/सामान/कार्य की दरें निम्न प्रकार है :-

| S. NO. | NAME OF ITEMS | August 26 TO December 26 (Rate per Kg) | January 27 TO July 27 (Rate per Kg) | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| सब्जियों के नाम | | | | |
| 1 | आलू (सादा) | | | |
| 2 | आलू (पहाणी) | | | |
| 3 | प्याज लाल | | | |
| 4 | टमाटर लाल | | | |
| 5 | भिण्डी | | | |
| 6 | फूल गोभी | | | |
| 7 | पत्ता गोभी | | | |
| 8 | बैगन लम्बा | | | |
| 9 | बैगन गोल (देसी) | | | |
| 10 | टिण्डा | | | |
| 11 | कददू | | | |
| 12 | पेठा | | | |
| 13 | लोंकी | | | |
| 14 | तोरई | | | |
| 15 | हरी मिर्च | | | |
| 16 | कैरी | | | |
| 17 | हरी मटर | | | |
| 18 | हरा धनिया | | | |
| 19 | नींबू | | | |
| 20 | अदरक | | | |
| 21 | लहसुन | | | |
| 22 | ग्वार फली देसी | | | |
| 23 | ग्वार फली लम्बी | | | |
| 24 | गाजर | | | |
| 25 | मूली | | | |
| 26 | पालक | | | |
| 27 | परमल | | | |
| 28 | सेमफली | | | |
| 29 | कटहल | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30 | चकरी | | | |
| 31 | ककडी | | | |
| 32 | शिमला मिर्च | | | |
| 33 | रतालू | | | |
| 34 | हरी प्याज | | | |
| 35 | **बींस फली** | | | |
| 36 | करौंदा | | | |
| 37 | पुदीना हरा | | | |
| 38 | खीरा | | | |
| 39 | मैथी पत्ता हरी | | | |
| 40 | करेला | | | |
| 41 | अरबी | | | |
| 42 | चप्पन कद्दू | | | |
| 43 | कद्दू सादरा | | | |
| 44 | अण्डे (प्रति क्रेट) | | | |
| | | फलो के नाम | | |
| 1 | केला | | | |
| 2 | चीकू | | | |
| 3 | सेव | | | |
| 4 | संतरा | | | |
| 5 | आम दशहरी | | | |
| 6 | देशी आम | | | |
| 7 | अनार | | | |
| 8 | नाशपती | | | |
| 9 | अमरूद | | | |
| 10 | बेर | | | |
| 11 | अंगूर | | | |
| 12 | मौसम्मी | | | |
| 13 | आलू बुखारा | | | |
| 14 | जामुन | | | |
| 15 | किन्नू | | | |
| 16 | तरबूजा | | | |
| 17 | खरबूजा | | | |
| 18 | पपीता | | | |

नोट :- 1. निविदा दरें स्पष्ट रुप से अंको एवं शब्दों में स्याही/टंकण से भरी हुई होनी चाहिए |
2. पेन्सिल से भरी हुई निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, अथार्त इस प्रकार की निविदा स्वीकार्य नहीं होंगी |
3. क्र संख्या 1 से 31 तक की निविदा शर्तें हमें मान्य हैं | में उनका पालन करूँगा / करूंगी |

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम :-............................................................................

(STAMP)

मो. नं. :-........................................................................

# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम,जिला- करौली

**क्रमांक :** ईएमआरएस / रानौली / 2026-27 / **564** **दिनांक: 14/07/2026**

## वित्तीय -बिड (दूध, छाछ, दही, ब्रेड, पनीर )

**1.** कार्य का नाम :-.................................................................................................................................

**2.** निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/संवेदक का नाम, डाक का पता, मोबाइल नं.:

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

**3.** मेरी/हमारी फर्म द्वारा निम्न सामग्री/सामान/कार्य की दरें निम्न प्रकार है :-

| **S. NO.** | **NAME OF ITEMS/ work** | **Rate (Rs)** | **Remarks** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 (ब्राण्ड का नाम) |
| 1 | **दूध (liter)** | | |
| 2 | **छाछ (liter)** | | |
| 3 | **दही (Kg)** | | |
| 4 | **ब्रेड (Kg)** | | |
| 5 | **पनीर (Kg)** | | |

नोट :- 1. निविदा दरें स्पष्ट रुप से अंको एवं शब्दों में स्याही/टंकण से भरी हुई होनी चाहिए|
2. पेन्सिल से भरी हुई निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, अथार्त इस प्रकार की निविदा स्वीकार्य नहीं होंगी|

(STAMP)

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम :-.........................................................................

मो. नं. :-......................................................................

EMRS RANOLI

# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम,जिला- करौली

**क्रमांक :** ईएमआरएस/रानौली/2026-27/564 **दिनांक: 14/07/2026**

## वित्तीय -बिड (वस्त्र / बेडशीट धुलाई)

**1.** कार्य का नाम :-........................................................................................................................................

**2.** निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/संवेदक का नाम, डाक का पता, मोबाइल नं.:

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**3.** मेरी/हमारी फर्म द्वारा निम्न सामग्री/सामान/कार्य की दरें निम्न प्रकार है :-

| S. NO. | NAME OF ITEMS/ work | Rate in Rs (Washing with ironing) (धुलाई एवं प्रेस सहित) | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | बैडशीट धुलाई | | |
| 2 | पर्दे धुलाई | | |
| 3 | रजाई कवर धुलाई | | |
| 4 | तकिया कवर धुलाई | | |
| 5 | तोलिया धुलाई | | |
| 6 | **दरी पट्टी** | | |
| 7 | **कम्बल** | | |
| 8 | **खेस / चादर** | | |

नोट :- 1. निविदा दरें स्पष्ट रुप से अंको एवं शब्दों में स्याही/टंकण से भरी हुई होनी चाहिए|

2. पेन्सिल से भरी हुई निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, अथार्त इस प्रकार की निविदा स्वीकार्य नहीं होंगी|

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम :-..........................................................................

(STAMP)

मो. नं. :-......................................................................

EMRS TODL

# कार्यालय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, रानोली ,ब्लॉक-टोडाभीम,जिला- करौली

**क्रमांक :** ईएमआरएस / रानौली / 2026-27 / **564** **दिनांक: 14/07/2026**

**वित्तीय -बिड (पानी टैकर, बाल कटिग, सेफ्टी टैक खाली करना, इत्यादी)**

**1.** कार्य का नाम :-........................................................................................................................................

**2.** निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/संवेदक का नाम, डाक का पता, मोबाइल नं. ..............................................

.......................................................................................................................................................................

**3.** मेरी/हमारी फर्म द्वारा निम्न सामग्री/सामान/कार्य की दरें निम्न प्रकार है :-

| **S. NO.** | **NAME OF ITEMS/ work** | **Rate in Rs** | **Remarks** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | **पानी टैकर** | | प्रति फेरा |
| 2 | **बाल कटिग** | | प्रति व्यक्ति |
| 3 | **सेफ्टी टैक खाली करना** | | प्रति फेरा |

नोट :- 1. निविदा दरें स्पष्ट रुप से अंको एवं शब्दों में स्याही/टंकण से भरी हुई होनी चाहिए |
2. पेन्सिल से भरी हुई निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, अथार्त इस प्रकार की निविदा स्वीकार्य नहीं होंगी |

(STAMP)

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम :-.........................................................................

मो. नं. :-.....................................................................

EMRS RANOLI